HAMIRPUR POLICE

थाना मौदहा **दिनाँक-29.03.2024**

अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना मौदहा क्षेत्र अंतर्गत सीआरपीएफ/ केंद्रीय सशस्त्र बल व पुलिस बल के साथ किया गया एरिया डोमिनेशन।

आज दिनांक 29.03.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत थाना मौदहा क्षेत्र अन्तर्गत सीआरपीएफ/ केंद्रीय सशस्त्र बल व पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया। आमजन से वार्ता कर आगामी लोकसभा चुनाव में भय मुक्त होकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया तथा आश्वस्त किया गया कि हमीरपुर पुलिस व प्रशासन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सकुशल चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी व्यक्ति के द्वारा उन्हें प्रलोभन या भयभीत करने का प्रयास किया जाता है, तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें ताकि उस व्यक्ति के विरुद्ध हमीरपुर पुलिस व प्रशासन के द्वारा कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा सके। किसी भी अराजक तत्व के द्वारा चुनाव को प्रभावित किए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी । अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा थाना मौदहा क्षेत्र के क्रिटिकल/ वल्नरेबुल मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा ,प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।